

## गुस्ताखी माफ

ऊपर तक अपनी पहुंच, असरदार हम लोग।
जब फंसते तो लिंक का, करते हम उपयोग।
करते हम उपयोग, फिरें हम दन-दन करते।
भले कटे चालान, किसी से हम ना डरते।
कह साहिल कविराय, कौन है हम से 'सूपर'।
नीचे ट्रैफिक रूल्स, रूल्स से हैं हम ऊपर।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 361 | WEDNESDAY 07-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# कालका-शिमला हाईवे पर स्थित होटल कंगना में जीरकपुर पुलिस का बड़ा एक्शन, देह व्यापार का भंडाफोड़

## छह लड़कियों को रेस्क्यू, होटल मैनेजर हिरासत में – एसपी गजलप्रीत कौर का सख्त संदेश: कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी

जीरकपुर, यूटर्न, 06 जनवरी। कालका-शिमला हाईवे पर स्थित होटल कंगना में जीरकपुर पुलिस ने देह व्यापार के एक बड़े रैकेट का पदार्फाश करते हुए सख्त कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने होटल में छापा मारकर मौके से छह युवतियों को रेस्क्यू किया, जबकि होटल मैनेजर को हिरासत में ले लिया गया है। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और होटल व्यवसाय की आड़ में चल रहे अवैध धंधों पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जीरकपुर पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कालकाझ्रशिमला हाईवे पर स्थित कुछ होटल और स्पा सेंटर्स में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर पुलिस ने पहले पूरे मामले की गोपनीय तरीके से जांच की और पुख्ता जानकारी मिलने के बाद होटल कंगना में दबिश दी। छापेमारी के दौरान होटल के कमरों से छह युवतियों को रेस्क्यू किया गया, जिन्हें बाद में काउंसलिंग और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित विभागों के हवाले कर दिया गया।

इस पूरे मामले को लेकर एसपी गजलप्रीत कौर ने कहा कि जीरकपुर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार तेज की जा रही है।







उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय में पुलिस ने 12 से 13 ऐसे होटलों और स्पा सेंटर्स को सील किया है, जहां देह व्यापार और अन्य गैरकानूनी गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। एसपी के मुताबिक, इन कार्रवाइयों के दौरान अब तक करीब 50 लड़कियों को रेस्क्यू किया जा चुका है, जिन्हें सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। एसपी गजलप्रीत कौर ने सख्त लहजे में कहा कि जीरकपुर में किसी भी सूरत में देह व्यापार जैसे संगठित अपराध को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने होटल और स्पा संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ बिना किसी दबाव के कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह मुहिम आगे भी लगातार जारी रहेगी और अवैध धंधों में शामिल पूरे नेटवर्क को बेनकाब किया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने होटल कंगना को सील कर दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि इस रैकेट के तार किन-किन लोगों से जुड़े हैं और इसमें बाहरी राज्यों या अन्य शहरों से किसी गिरोह की संलिप्तता तो नहीं है। होटल के दस्तावेज, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स की भी जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत की भावना है। लोगों का कहना है कि हाईवे पर स्थित होटलों में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं, लेकिन अब पुलिस की सख्ती से ऐसे अवैध धंधों पर रोक लगने की उम्मीद जगी है। जीरकपुर पुलिस की यह कार्रवाई साफ संदेश देती है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# गोबर टेंडर में पैसे देने की जगह पैसे लेने का होना चाहिए नजरिया - उच्च अधिकारी

लुधियाना/यूटर्न/6 जनवरी। लुधियाना नगर निगम में कूड़ा टेंडर के बाद अब गोबर लिफ्टिंग के लिए 22 करोड़ का टेंडर लगाकर बड़ा हेरफेर करने की तैयारी कर ली गई है। हालांकि इस टेंडर संबंधी यूटर्न टाइम अखबार द्वारा खबर प्रकाशित करने के बाद लुधियाना कारपोरेशन से लेकर चंडीगढ़ लोकल बॉडी विभाग तक पूरी हलचल पैदा हो गई है। चंडीगढ़ के उच्च अधिकारियों ने यूटर्न टाइम अखबार से संपर्क कर बताया कि गोबर को खाद है, जिससे काफी कमाई की जा सकती है। लेकिन एक स्कैम के जरिए सरकार के करोड़ों रुपए बर्बाद किए जा रहे हैं। वहीं, चचार्एं छिड़ गई है कि इस टेंडर की आड में कुछ अधिकारी मोटी कमाई करने के चक्कर में है। इसी के चलते एक अधिकारी के रिश्तेदार को गोबर लिफ्टिंग से लेकर डिस्पोज ऑफ तक के लिए दो एकड़ जमीन देने की जगह 22 करोड़ का टेंडर लगा डाला गया। रोज गार्डन नवीनीकरण की तरह अब यह टेंडर भी विवादों में घिरता हुआ नजर आ रहा है। वहीं चंडीगढ़ के अधिकारियों और कई खेतीबाड़ी एक्सपर्ट्स की और से निगम अफसरों को गोबर के जरिए कमाई करके सरकारी खजाना भरने की सलाह दी जा रही है। जिससे सरकार को पैसा देना नहीं पड़ेगा, बल्कि कमाया जा सकता है। मगर अफसर सरकार को फायदा कराने की जगह कंगाल करने पर तुले हैं।




### *गोबर के मुताबिक लिफ्टिंग करे निगम*

*वहीं चर्चा है कि निगम हैबोवाल और ताजपुर रोड पर डेयरियों में इकट्ठा होने वाले गोबर की लिफ्टिंग करके उसे एक जगह पर स्टोर करें। वहीं इसकी लिफ्टिंग हर हफ्ते भी की जा सकती है। अगर गोबर की मात्रा ज्यादा है तो हर दूसरे दिन लिफ्टिंग कर इसे इकट्ठा किया जा सकता है।*

### क्या लुधियाना में इंटेलिजेंट अफसरों की कमी

वहीं चचाएं हैं कि शायद लुधियाना में इंटेलिजेंट अफसरों की कमी है। इसी कारण से गोबर जैसी ऑर्गेनिक खाद का सही इस्तेमाल कर कमाई करने की जगह उसकी लिफ्टिंग के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर दिए जा रहे हैं। जिससे यह पता चलता है कि अधिकारियों का सरकारी खजाना भरने की जगह ध्यान कम है और खजाना खाली करने पर ज्यादा फोक्स किया जा रहा है। अब देखना होगा कि क्या लुधियाना में कोई इंटेलिजेंट अधिकारी इस गोबर से सरकारी खजाने भर सकेगा या नहीं।

### हर महीने हो सकती लाखों की कमाई

वहीं खेतीबाड़ी एक्सपर्ट्स और किसान आगूओं की मानें तो यह सभी को पता है कि गोबर एक आधुनिक खाद है। जिसके चलते निगम को इसकी लिफ्टिंग करके एक जगह पर इकट्ठा किया जाए, जिसके बाद इसकी खाद बनाकर बेचा जा सकता हैं। जिससे निगम को हर महीने लाखों रुपए की कमाई होगी। क्योंकि किसानों को ऑर्गेनिक खाद की जरुरत होती है और उन्हें अच्छी खाद कम मिल पाती है। ऐसे में निगम के इन प्रयासों से किसानों को भी अच्छी खाद मिल सकेगी।

### लोग ऑर्गेनिक चीजों को देते है पहल

आज के समय लोगों द्वारा अपना लाइफस्टाइल बदला गया है। जिसके चलते अब लोग ऑर्गेनिक चीजों को पहल देते है। ऐसे में अगर किसानों को अच्छी खाद मिलेगी, तो वहीं सब्जियां व अन्य पदार्थ आगे लोगों तक पहुंच सकेगें। ऐसे में लोगों में चर्चा छिड़ गई है कि गोबर जैसी आधुनिक खाद भी ठेकेदारों को दी जाए और साथ में उसकी लिफ्टिंग के लिए भी पैसे दिए जाएं, यह कहा का असुल हैं।

### यह है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार कारपोरेशन द्वारा गोबर लिफ्टिंग के लिए 22 करोड़ का टेंडर लगाया गाय है। जिसे अलायंस कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा ताजपुर रोड और हैबोवाल डेयरियां से गोबर लिफ्ट किया जाएगा। कंपनी द्वारा ताजपुर रोड से गोबर उठाकर सेंट्रल जेल के पास सरकारी डंर पर डिस्पोज ऑफ के लिए गिराया जाएगा, वहीं हैबोवाल डेयरियों से उठाकर हैबोवाल में ही सरकारी जमीन पर फेंका जाएगा। चर्चा है कि भ्रष्ट अफसरों की और से पांच साल के लिए दिए इस टेंडर में बड़ा खेल करने की तैयारी की गई है।

## पूर्व मंत्री कांगड़-चहल आपस में भिड़े, मीटिंग में दिखी कांग्रेसी गुटबाजी, एक-दूसरे पर लगाए आरोप, जमकर हुई नारेबाजी



पंजाब/यूटर्न/6 जनवरी। बठिंडा में कांग्रेस की एक बैठक के दौरान पार्टी में गुटबाजी एक बार फिर खुलकर सामने आई। रामपुरा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री गुरप्रीत सिंह कांगड़ और कांग्रेस नेता जशन चहल के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद दोनों गुटों के कार्यकताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। यह घटना बठिंडा के लॉर्ड रामा हॉल में हुई, जहां चार जिलों, बठिंडा, श्री मुक्तसर साहिब, मानसा और फरीदकोट के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। बहस तब शुरू हुई जब पूर्व मंत्री गुरप्रीत सिंह कांगड़ ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी लोग पार्टी में आकर माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने इन लोगों पर आम आदमी पार्टी को ब्लॉक समिति चुनावों में मदद करने का भी आरोप लगाया।

### 11 जनवरी को लहरा मोहब्बत में होगी रैली

इसके जवाब में, कांग्रेस नेता जशन चहल और उनके समर्थकों ने कहा कि जो लोग पार्टी का माहौल खराब कर रहे हैं, वे भाजपा से कांग्रेस में आए हैं। दोनों नेताओं के समर्थकों ने एक-दूसरे के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए, जिससे बैठक में तनाव बढ़ गया। बैठक का आयोजन पंजाब प्रदेश कांग्रेस के बठिंडा सेक्रेटरी इंचार्ज रविंदर दलवी की देखरेख में किया गया था। दलवी ने बताया कि 11 जनवरी को लहरा मोहब्बत में एक रैली आयोजित की जा रही है। यह रैली मनरेगा मजदूरों के हक में केंद्र सरकार के खिलाफ होगी, जिसके लिए विभिन्न नेताओं से मजदूर और श्रमिक लाने के संबंध में सुझाव लिए जा रहे थे।

# घुटनों की बीमारी पर बड़ा खुलासा बिना ऑपरेशन इलाज से नी-रिप्लेसमेंट से बच सकते हैं मरीज

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। घुटनों के दर्द से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता में लिवरपूल (यूके) से संबद्ध एमसीएच और लुधियाना के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन व रीजेनेरेटिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एन. के. अग्रवाल ने बताया कि सही समय पर 360-डिग्री सिस्टेमिक इलाज अपनाकर कई मरीज नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी से बच सकते हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि घुटनों की बीमारी केवल एक जोड़ की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे शरीर में मौजूद इंफ्लामेशन (सूजन) से जुड़ी होती है। इसलिए इलाज भी सिर्फ घुटने तक सीमित न होकर पूरे शरीर की सूजन को नियंत्रित करने पर आधारित होना चाहिए।




## WHO की स्टडी ने बढ़ाई चिंता

डॉ. अग्रवाल ने वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) की 56,548 लोगों पर आधारित स्टडी का हवाला देते हुए बताया कि 16 प्रतिशत लोग मस्कुलोस्केलेटल दर्द से पीड़ित हैं भारत में इसका अर्थ है कि हर छठा व्यक्ति इस समस्या से जूझ रहा है उन्होंने आगाह किया कि 2036 तक भारत में हर सात में से एक व्यक्ति 60 वर्ष से अधिक उम्र का होगा, जिनमें से 16-20 प्रतिशत को घुटनों की बीमारी होने की आशंका है। यह स्थिति आने वाले समय में एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन सकती है।

## नी-रिप्लेसमेंट हर बार समाधान नहीं

पिछले 35 वर्षों से नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में काम कर रहे डॉ. अग्रवाल ने बताया कि लगभग 5 प्रतिशत मरीजों में सर्जरी के बाद जटिलताएं आती हैं 20-25 प्रतिशत मरीजों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने रीजेनेरेटिव मेडिसिन आधारित नया ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल विकसित किया है।

बिना ऑपरेशन 95% तक बेहतर नतीजे

डॉ. अग्रवाल के अनुसार, 'हम अब तक इस प्रोटोकॉल से 150 से अधिक घुटनों का सफल इलाज कर चुके हैं। 95 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों में दर्द में कमी, चलने-फिरने में आसानी और जीवनशैली में बड़ा सुधार देखने को मिला है।' कई ऐसे मरीज, जिन्हें पहले नी-रिप्लेसमेंट की सलाह दी गई थी, अब बिना सर्जरी सामान्य जीवन जी रहे हैं।

**समय पर इलाज है सबसे बड़ा बचाव...** डॉ. अग्रवाल ने लोगों से अपील की कि घुटनों के दर्द को उम्र का हिस्सा मानकर नजरअंदाज न करें। 'समय रहते इलाज से सूजन को नियंत्रित किया जा सकता है और घुटनों को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। सही समय पर सही इलाज ही सर्जरी से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है।'

# डोप टेस्ट में ड्रग्स पॉजिटिव, युवक पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 06 जनवरी। जीरकपुर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव भभात से एक युवक को काबू कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ काकू उर्फ गट्टू, पुत्र हरबंस सिंह, निवासी मकान नंबर 316, जैन मंदिर के पास, गांव भभात, जीरकपुर के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र करीब 26 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 जनवरी 2026 को थाना जीरकपुर के एएसआई बलजीत सिंह अपनी टीम के साथ गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पंजाब नेशनल बैंक, गांव भभात के पास मौजूद थे। इसी दौरान एक खास मुखबिर ने एएसआई को पुख्ता सूचना दी कि जसप्रीत सिंह उर्फ काकू नशा करने का आदी है और उसकी गतिविधियों से इलाके के युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। मुखबिर ने बताया कि आरोपी उस समय अपनी गली में नशे की हालत में घूम रहा है और तुरंत रेड की जाए तो उसे काबू किया जा सकता है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम गुरुद्वारा वाली गली, गांव भभात पहुंची, जहां एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता मिला। पुलिस ने उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम-पता जसप्रीत सिंह उर्फ काकू उर्फ गट्टू बताया। इसके बाद एएसआई बलजीत सिंह ने उसे अपनी पहचान व तैनाती से अवगत करवाते हुए उसके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत नोटिस दिया।

# सिविल अस्पताल मनीमाजरा का प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने किया औचक निरीक्षण, मरीजों से लिया फीडबैक





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने मंगलवार को सिविल अस्पताल मनीमाजरा का औचक दौरा कर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज, दवाइयों की उपलब्धता और साफ-सफाई को लेकर फीडबैक लिया।

प्रशासक सबसे पहले अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों से उनकी बीमारी, इलाज की स्थिति और मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद ओपीडी का निरीक्षण कर इलाज के लिए आए मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत की। उन्होंने डॉक्टरों के कमरों में जाकर चिकित्सकों से भी उनकी समस्याओं और जरूरतों पर चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान प्रशासक दूसरी मंजिल पर स्थित गायनी वार्ड पहुंचे और वहां भर्ती महिलाओं से इलाज, दवाइयों की उपलब्धता तथा साफ-सफाई को लेकर जानकारी ली।

इस मौके पर पूर्व मेयर एवं मनीमाजरा वार्ड नंबर-6 की पार्षद सरबजीत कौर ने प्रशासक को अवगत कराया कि सिविल अस्पताल मनीमाजरा में पिछले तीन वर्षों से अल्ट्रासाउंड सुविधा बंद पड़ी है, क्योंकि यहां रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। वर्तमान में चमड़ी रोग विशेषज्ञ, ईएनटी, नेत्र रोग विशेषज्ञ और सर्जन के पद रिक्त हैं, जिससे मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने अस्पताल प्रबंधन से इन कमियों पर विस्तृत जानकारी ली और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## पुराने स्कूल और ग्रीन बेल्ट का भी किया निरीक्षण

अस्पताल निरीक्षण के बाद प्रशासक मनीमाजरा के सबसे पुराने स्कूल पहुंचे, जो चंडीगढ़ के गठन से पहले स्थापित हुआ था। उन्होंने छात्रों से संवाद किया और शिक्षकों से शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने को लेकर सुझाव लिए। इसके बाद प्रशासक इंदिरा कॉलोनी स्थित ग्रीन बेल्ट पहुंचे। इस दौरान पार्षद सुमन शर्मा ने इंदिरा कॉलोनी में डिस्पेंसरी की आवश्यकता का मुद्दा उठाया। साथ ही क्षेत्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तथा शास्त्री नगर में स्कूल स्थापित करने की मांग भी रखी। प्रशासक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# हमांयुपुर-तसींबली की अनदेखी कर रही पंजाब सरकार:एनके शर्मा



लालड़ू, यूटर्न, 06 जनवरी। शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने पंजाब सरकार पर ऐतिहासिक गांव हमांयुपुर-तसींबली की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार विकास कार्यों में भेदभाव कर रही है। एनके शर्मा ने यहां शिरोमणि अकाली दल के ब्लाक समिति सदस्य गुरजीत सिंह हमांयुपुर द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित अखंड पाठ के भोग के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। एनके शर्मा ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा नौवीं तथा दसवीं पातशाही में शीश निवाने के बाद कहा कि पंजाब सरकार द्वारा गुरुओं के चरणा छोह प्राप्त गुरुद्वारा साहिबानों वाले गांवों को विशेष अनुदान दिया जा रहा है लेकिन सरकार ने हमांयुपुर-तसींबली की अनदेखी की है। यहां सिखों के नौवें तथा दसवें गुरुओं ने अपने चरण डाले हैं। शर्मा ने कहा कि मौजूदा सरकार विकास के मामले में जहां भेदभाव कर रही है, वहीं पंजाब में आपसी भाईचारा खत्म किया जा रहा है। मौजूदा सरकार ने लोगों को एक-दूसरे से लड़वाने के अलावा दूसरे कोई काम नहीं किया। आज हालात ये हैं कि लोगों से बोलने की आजादी छीनी जा रही है। ब्लाक समिति सदस्य गुरजीत सिंह ने कहा कि इलाके के लोगों ने इस चुनाव में सच्चाई का साथ दिया है। पंजाब सरकार की धक्केशाही के बावजूद लोगों ने अकाली दल की नीतियों पर मोहर लगाई है। इस अवसर पर अकाली नेता हरकेश सिंह मोहड़ी, मनजीत सिंह मलकपुर, रणजीत सिंह राणा, गुरजीत सिंह, मुख्तयार सिंह, लेखराज शर्मा, परविंद्र सिंह जौला, बृजेश राणा, अजैब सिंह अंटाला समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# गुरदर्शन सिंह सैनी की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अहम मुलाकात, व्यावसायिक निवेश पर हुई विस्तृत चर्चा

डेराबस्सी, यूटर्न, 06 जनवरी। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी ने मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से एक अहम मुलाकात की। इस दौरान अमेरिका की प्रमुख कंपनी गिल एनर्जी यूएसए के चेयरमैन सरदार कश्मीर गिल भी उनके साथ मौजूद रहे। बैठक में भारत में व्यापारिक संभावनाओं और बड़े स्तर पर निवेश के अवसरों को लेकर लंबी और गंभीर चर्चा की गई।

इस विशेष मुलाकात के दौरान उद्योग, ऊर्जा क्षेत्र, आधारभूत ढांचे के विकास और निवेश के अनुकूल वातावरण पर विचार-विमर्श हुआ। सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष डेराबस्सी हलके के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे भी रखे। उन्होंने क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना, रोजगार सृजन और युवाओं को स्थानीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके सुझावों और योजनाओं को गंभीरता से सुना और व्यापारिक पहलों को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि निवेश और



औद्योगिक विकास से जुड़ी योजनाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए शुभ संकेत हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बहुमूल्य समय और उद्योगपतियों का मनोबल बढ़ाने के लिए सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी ने उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से डेराबस्सी और आसपास के इलाकों में रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे और क्षेत्र को विकास की नई दिशा मिलेगी। इस बैठक को व्यापार और जनकल्याण के क्षेत्र में एक सकारात्मक और दूरगामी कदम माना जा रहा है।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डेराबस्सी क्षेत्र से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उन्होंने स्वर्गीय गुरनाम सिंह के परिवार द्वारा लंबे समय से क्षेत्र की सेवा को याद करते हुए कहा कि अब सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी अपनी टीम के साथ इस सेवा परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य का विकास प्रभावित हुआ है। उन्होंने चिंता जताई कि बिगड़ती कानून व्यवस्था और कमजोर आर्थिक हालात के चलते युवा विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वर्ष 2027 में पंजाब की जिम्मेदारी भाजपा को सौंपना जरूरी है।

Uturn Time 07 Jan 2026_Page 1-4.qxd 06-01-2026 22:27 Page 3

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 बुधवार, 07 जनवरी 2026



पेज 06 शीतला माता मंदिर समारोह में शामिल...

# गारमेंट व्यापारी द्वारा 50 लाख फिरौती न देने पर शॉप पर बदमाशों ने की फायरिंग, गोल्डी बराड़ गैंग पर धमकी देने का आरोप

लुधियाना/यूटर्न/6 जनवरी। सिविल लाइन में 50 लाख की फिरौती न देने पर एक गारमेंट व्यापारी की दुकान पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हालांकि फायरिंग देर रात को दुकान बंद होने के बाद की गई। सभी गोलियां शटर में मारी गई। सुबह जब लोगों ने खोल पड़े देखे तो वारदात का पता चला। बदमाशों ने 4 से 5 राउंड फायर किए। इसके बाद लोगों ने तुरंत थाना हैबोवाल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद थाना हैबोवाल की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने गोलियों के खोल कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए दुकानदार व गारमेंट व्यापारी हिमांशु ने बताया कि उसकी डस्टी लुक नाम से दुकान है। उसे दो दिन पहले एक विदेशी नंबर से कॉल आई थी।



मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी



सीसीटीवी फुटेज में फायरिंग करते दिखे बदमाश

## वॉयस मैसेज में भेजकर दी थी धमकी

हिमांशु को बदमाश ने वॉयस मैसेज भेज धमकी दी थी। जिसमें कहा था कि हिंमाशु मैं महेन्द्र ढिलाना बोल रहा हूं तेरे को जो टाइम दिया था वो समाप्त हो गया है। जैसे ही ये वॉयस सुने ना तो घंटे-आधे घंटे में वापस फोन लगा लेना। अगर वापस फोन नहीं लगाया तो कोई दिक्कत नहीं, तू तैयार हो जाना। बता देना, ना कर देना, कोई बात नहीं फिर हम देख लेंगे। एक-दो घंटे का टाइम है तेरे पास ठीक है ना। फिर जो पुलिस के पास जाना चाहा चले जाना कोई दिक्कत नहीं है। दो घंटे में यदि तेरा रिप्लाई नहीं आया तो कोई दिक्कत नहीं तू देख लेना। हां हिमांशु तू फोन मत उठा। तू प्रशासन के पास या कहीं भी जाना चाहे तो देख लेना। कोई गार्ड लेना है, जो तेरे को बचा ले। तू या तेरे परिवार का किसी का भी नुकसान होगा तो तू खुद जिम्मेदार होगा। जल्दी ही तेरे को ट्रेलर दिखाएंगे तू टेंशन मत ले। जल्दी तेरे को बताएंगे हम कौन हैं। कोई दिक्कत नहीं तू तैयार रहना। ये सुने तो चले जाना प्रशासन के पास। ध्यान रखना।

कॉल करने वाले ने खुद को कुख्यात गोल्डी बराड़ गैंग का सदस्य बताते हुए 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। हिमांशु ने इसे किसी की शरारत समझकर अनसुना कर दिया और पुलिस को सूचना नहीं दी। वारदात आम आदमी पार्टी के स्थानीय पार्षद के दफ्तर के ठीक सामने हुई।

# डॉक्टर्स पर दर्ज हुए केस मामले में 300 डॉक्टरों ने डीसी से की मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

लुधियाना/यूटर्न/6 जनवरी। ओरिसन अस्पताल में महिलाओं की डेड बॉडी बदलने के मामले में पुलिस की और से चार डॉक्टरों को मामले में नामजद कर लिया है। इस मामले में लुधियाना आईएमसी के पदाधिकारियों की और से करीब 300 डॉक्टर्स के साथ डीसी हिमांशु जैन के साथ मुलाकात की गई। इस दौरान उन्होंने डीसी से मामले में हस्ताक्षेप करके चारों डॉक्टरों का नाम केस से बाहर करने और जांच कर लापरवाही करने वाले अस्पताल स्टॉफ पर एक्शन लेने की मांग की है। इस दौरान डॉक्टरों ने कहा कि ओरिसन अस्पताल में मोर्चरी में लाशों का ध्यान रखना मोर्चरी स्टॉफ का काम है। लाशें सही से देने और संबंधित परिवार को देना, उनकी जिम्मेदारी होती है। अब हर लाश को डॉक्टर जाकर न तो देतें है और न ही चैक करते हैं। आखिर फिर इस मामले में चार डॉक्टरों पर केस कैसे दर्ज कर दिया गया। जबकि इसमें भी दो डायरेक्टर्स है और दो ट्रीटिंग डॉक्टर्स है। दूसरी तरफ अस्पताल की और से भी अपने सत्र पर जांच की जा रही है कि आखिर गलती किस कर्मी से हुई है। उन्होंने डीसी से मांग की कि चारों डॉक्टरों पर दर्ज केस से उनका नाम निकाला जाए। वहीं डॉक्टरों ने कहा कि अगर प्रशासन ने उनकी बात न मानी तो वह अपने हिसाब से आगे की कार्रवाई देखेगें।



# स्वर्गीय मधू बाला ने अपने प्यार और सनेह के साथ पूरे परिवार को एक धागे में परोकर रखा

लुधियाना/यूटर्न/6 जनवरी। स्वर्गीय मधू बाला पत्नी लेट श्री केशो राम विज 25 दिसंबर 2025 को प्रभु चरणों में विलीन हो गए थे। उनकी आत्मिक शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा और रसम पगड़ी छह जनवरी दिन मंगलवार को श्री नव दुर्गा माता मंदिर, सराभा नगर में दोपहर दो से तीन बजे तक की गई। इस दौरान शोकाकुल परिवार में बेटे और बहू राजेश विज, अर्चना विज, राकेश विज, मुक्ता विज, पौते-पौतियों में अभिनव विज, रितविक विज, रिशिका विज, भाभी सवराज रानी, राधा विज, भतीजे-बहू, राज कुमार वर्मा, नीलम विज, प्रवीन विज, विजय विज, रेनुका विज, बहन व जीजा सरवन विज, नरेश महेंद्रू, अभिलाशा नैय्यर, जीत के. नैय्यर, विनय विज, प्रियंका विज, अमित विज, हीना विज शामिल थे। इस दौरान पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि उनके माता स्वर्गीय मधू बाला जी काफी मिलनसार इंसान थे। उन्होंने अपने प्यार और सनेह के साथ पूरे परिवार को एक धागे में परोकर रखा। जहां वह सामाजिक कार्यों में आगे थी, वहीं उससे कई ज्यादा धार्मिक प्रवृत्ति वाली महिला भी थी। वहीं मनोज तायल, विनोद तायल, पारस रंग रसायन प्रा. लि., शाम लाल देव राज, के.आर. निटिंग वर्क्स, गुलाब डाइंग ग्रुप, समीर एक्सपोर्ट्स, कपूर कॉटसन, एसएलडीआर फैशस, अभिनव फैब्रिक्स, पारुल फैब्रिक्स, नैय्यर फैब्रिक्स, रचित डेवलपर्स की और से श्रद्धांजलि दी गई।



# शकी हालातों में एडवोकेट लड़की की मौत, सुसाइड नोट बरामद, बीमारी को बताया कारण

लुधियाना/यूटर्न/6 जनवरी। ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में एक एडवोकेट लड़की की शकी हालातों में मौत हो गई। युवती के कमरे से एक सुसाइड मिला है। जिसमें उसने अपनी मौत का कारण खुद को ही बताया है। मृतक युवती की पहचान 25 साल की दिलजोत शर्मा निवासी मानसा के रूप में हुई है। यहां दिलजोत अपनी सहेली रविंदर के साथ ईडब्ल्यूएस कालोनी में किराए के मकान में रहती थी। दिलजोत की डीएमसी अस्पताल में मौत हुई है। उसके शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। थाना डिवीजन नंबर 7 की पुलिस पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई करेगी। जानकारी देते हुए दिलजोत की सहेली रविंदर कौर ने कहा कि मैं शिक्षक हूं। मेरे पास तीसरी से 12वीं तक के बच्चे ट्यूशन पड़ने आते है। दिलजोत मेरे साथ ही किराए पर रहती थी। काफी लंबे समय से बीमार थी। उसके डाइजेस्टिव सिस्टम में दिक्कत थी। बीती रात वह अचानक से जमीन पर गिर गई और उल्टियां करने लगी। उसे पहले मेक्स अस्पताल लेकर गए। उसकी हालत में सुधार होता ना देख उसे डीएमसी अस्पताल रेफर किया गया लेकिन वहां डाक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। सुसाइड नोट में उसने लिखा कि मैं अपने आप से तंग हूं, मानसिक और फिजिकली भी दिक्कत में हूं। मैं बीमार हूं। मेरे परिवार वाले भी मुझे तंग करते थे। इसलिए मैंने यह कदम उठाया। इसलिए यहां रहने वाले किसी को तंग ना किया जाए।



# पाइपलाइन बदलने के कार्य के चलते 24 घंटे जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। नगर निगम चंडीगढ़ ने आम जनता को सूचित किया है कि क्षतिग्रस्त 1000 एमएम व्यास की पीएससी पाइपलाइन को एमएस पाइपलाइन से बदलने के आवश्यक कार्य के कारण 7 जनवरी 2026 से 8 जनवरी 2026 तक 24 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद रखने की स्वीकृति दी गई है। यह कार्य वाटर वर्क्स सेक्टर-39 से वाटर वर्क्स सेक्टर-52 एवं सेक्टर-32 तक स्वच्छ जल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस शटडाउन अवधि के दौरान वाटर वर्क्स सेक्टर-52 में जल पंपिंग पूरी तरह बंद रहेगी, जबकि सेक्टर-32 में आंशिक जलापूर्ति की जाएगी। इसके चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलापूर्ति का समय निम्नानुसार प्रभावित रहेगा:



7 जनवरी 2026

सुबह: सामान्य जलापूर्ति

शाम: सेक्टर 44, 45, 48 से 56, 61 एवं 63 में जलापूर्ति नहीं होगी

➡ कम दबाव पर जलापूर्ति (शाम 6:00 बजे से 8:00 बजे तक): सेक्टर 20 सी एंड डी, 21 सी एंड डी, 31 से 34, 44 से 47, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 व 2 तथा रामदरबार

8 जनवरी 2026

सुबह:

➡ सेक्टर 44, 45, 48 से 56, 61 एवं 63 में सामान्य जलापूर्ति (सुबह 5:00 बजे से 9:00 बजे तक)

➡ शेष चंडीगढ़ में सामान्य जलापूर्ति (सुबह 3:30 बजे से 9:00 बजे तक)

शाम:

➡ सेक्टर 44 से 56, 61 एवं 63, सेक्टर 20 सी एंड डी, 21 सी एंड डी, 31 से 34, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 व 2 तथा रामदरबार में सामान्य जलापूर्ति (शाम 6:00 बजे से 8:30 बजे तक)

➡ शहर के अन्य क्षेत्रों में सामान्य जलापूर्ति (शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे तक)

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे पूर्व में पर्याप्त मात्रा में पानी संग्रहित कर लें तथा इस आवश्यक रखरखाव कार्य के दौरान होने वाली असुविधा के लिए सहयोग करें।

# 14 वर्षों से फरार भगौड़ा पंचकूला पुलिस के शिकंजे में, जमानत पर छूटकर हुआ था फरार, बार-बार ठिकाने बदलता था

## वर्ष 2025 में देश भर में छापेमारी कर 291 भगौड़ो को पकड़ा था, 2024 से करीब 40 फीसदी ज्यादा पकड़े





अजीत झा

पंचकूला, यूटर्न, 06 जनवरी। पंचकूला पुलिस द्वारा फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। कानून से भाग रहे भगौड़ों को पकड़कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की दिशा में लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए पंचकूला पुलिस ने एक लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो बीते 14 वर्षों से पुलिस और अदालत को चकमा दे रहा था।

पंचकूला पुलिस की पीओ स्टाफ इन्चार्ज निरीक्षक विरेन्द्र नैन के नेतृत्व में गठित टीम ने 14 साल से फरार चल रहे भगौड़े गुप्त सूचना के आधार पर 5 जनवरी को पंजाब से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुलाब, निवासी मोहाली के रूप में हुई है, जिसे वर्ष 2011 में चेक बाउंस के एक मामले में अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित किया गया था। आरोपी बार-बार कोर्ट और पुलिस की नोटिस के बावजूद न्यायिक प्रक्रिया में शामिल नहीं हुआ और लंबे समय तक फरार रहकर कानून से बचता रहा।

डीसीपी क्राइम एंट ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि ऐसे कई आरोपी अदालत से जमानत पर रिहा होने के बाद जानबूझकर न्यायालय में पेश नहीं होते, जिसके चलते अदालत उन्हें उद्घोषित अपराधी घोषित कर देती है। इन भगौड़ों के खिलाफ चेक बाउंस, चोरी, नशा तस्करी सहित विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज होते हैं। कई मामलों में आरोपियों पर एक से अधिक केस दर्ज पाए गए हैं और कुछ आरोपी जमानत मिलने के बाद फरार हो गए थे।

गौरतलब है कि पंचकूला पुलिस ने वर्ष 2025 के दौरान देश के अलग-अलग राज्यों में छापेमारी कर अब तक 291 भगौड़ों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वहीं, वर्ष 2024 में भी पुलिस द्वारा 209 भगौड़ों को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

पंचकूला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून से भागने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्याय के कटघरे तक पहुंचाया जाएगा।

# चांदी की पायल को लेकर विवाद पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला,पेट और हाथ पर चाकू से वार

## बेटे की शिकायत पर आरोपी पति गिरफ्तार





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। चंडीगढ़ के धनास स्थित कच्ची कॉलोनी में घरेलू विवाद के दौरान एक पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तत्काल सेक्टर-16 अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने पीड़िता के बेटे की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान महाजन के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने बताया कि महाजन उसका पिता है, जो लंबे समय से परिवार से अलग रह रहा था। राकेश का आरोप है कि उसके पिता शराब पीने के आदी हैं और नशे की हालत में अक्सर उसकी मां पार्वती के साथ मारपीट करते थे। इसी कारण उसकी मां बच्चों के साथ धनास की कच्ची कॉलोनी में रहने लगी थी।

राकेश कुमार के मुताबिक, उसकी मां पार्वती सेक्टर-19 में काम करती है। सोमवार रात करीब 9 बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद आरोपी जबरदस्ती उसे अपनी रेहड़ी पर बैठाकर धनास ले आया। उस समय परिवार के अन्य सदस्य भी साथ थे। आरोप है कि आरोपी नशे में था और रास्ते में ही पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने अचानक चाकू निकाला और पार्वती के पेट पर वार कर दिया। हमले में महिला के हाथ पर भी चोट आई। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सहारनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को घटनास्थल से ही गिरफ्तार कर लिया। घायल महिला को तुरंत इलाज के लिए सेक्टर-16 अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत में यह भी सामने आया है कि घटना से पहले चांदी की पायल को लेकर विवाद हुआ था। राकेश कुमार ने बताया कि उसकी मां ने शादी के समय रीति-रिवाज के अनुसार पायल बहू को दी थी, जिस पर आरोपी नाराज था और इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जो बाद में हिंसक घटना में बदल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

# एमसी कमिश्नर ने मौलीजागरां और सुंदर नगर में लाइब्रेरी सुविधाओं व विकास कार्यों की समीक्षा की



चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। स्थानीय निवासियों की बढ़ती शैक्षणिक एवं सामुदायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त ' अमित कुमार ने आज मौलीजागरां और सुंदर नगर स्थित सामुदायिक केंद्रों का दौरा कर वहां लाइब्रेरी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की जरूरतों की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (बी एंड आर) तथा क्षेत्र के पार्षद श्री मनोज सोनकर और श्रीमती बिमला दुबे भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय निवासियों, विशेषकर स्कूली छात्रों के लिए सुलभ पुस्तकालय सुविधाओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित इंजीनियरिंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों सामुदायिक केंद्रों में लाइब्रेरी सेवाओं को सुचारू एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित योजना तैयार की जाए। आयुक्त ने कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों और आम नागरिकों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण अध्ययन एवं पठन सामग्री उपलब्ध कराना है, जिससे शिक्षा और पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। इनमें नागरिकों के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े कार्य शामिल हैं। विकास कार्यों की मंशा पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर, गुणवत्ता से समझौता किए बिना पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्वच्छता के दृष्टिकोण से आसपास के क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उच्च स्तर की साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश देते हुए स्वच्छ, स्वस्थ और नागरिकों के अनुकूल शहर के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता दोहराई।




## बेजुबान की पुकार बनी पंचकूला पुलिस की ईआरवी, घायल कुत्ते का सामाजिक संस्था की मदद से करवाया इलाज

अजीत झा

पंचकूला, यूटर्न, 06 जनवरी। पंचकूला पुलिस द्वारा केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया गया है। पुलिस की तत्परता के चलते एक घायल बेजुबान की जान बचाई जा सकी। आज दिनांक 06 जनवरी 2026 को पंचकूला पुलिस की ईआरवी 531 पर तैनात मुख्य सिपाही प्रवीन , एसपीओ कुलजीत सिंह तथा चालक मंगल को बेलाविस्टा होटल के पास सड़क दुर्घटना में एक छोटे कुत्ते के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही ईआरवी टीम ने बिना किसी देरी के तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। घायल बेजुबान की नाजुक हालत को देखते हुए तुरंत एनिमल संस्था से संपर्क किया गया तथा रिक्की धमार्णी को पूरे घटनाक्रम से अवगत करवाया गया। एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इसके पश्चात मौके पर भाऊ प्रोजेक्ट की टीम पहुंची, जिनके सहयोग से घायल कुत्ते का तत्काल उपचार सुनिश्चित किया गया। समय पर इलाज मिलने से बेजुबान को काफी राहत मिली और उसकी हालत में सुधार हुआ। पंचकूला पुलिस की ईआरवी 531 की इस संवेदनशील और सराहनीय कार्यवाही ने यह स्पष्ट कर दिया कि पुलिस केवल कानून की रक्षक ही नहीं, बल्कि इंसानियत, करुणा और सामाजिक जिम्मेदारी की भी प्रतीक है।



## बलटाना में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, युवक डोप टेस्ट में पॉजिटिव; NDPS एक्ट में केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 06 जनवरी। जीरकपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी बलटाना की टीम ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को नशे की हालत में काबू किया है। आरोपी की पहचान मंगत राम (33) पुत्र सुरेंद्र कुमार, निवासी फ्लैट नंबर-8, ग्राउंड फ्लोर, हरमिलाप नगर फेज-2, बलटाना, जीरकपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 27, 61/85 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चौकी बलटाना के इंचार्ज एसआई गुरप्रीत सिंह ने बताया कि 5 जनवरी 2026 को वह हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह नंबर 469/रअर और ढल्त्रक्रमनिंदर सिंह के साथ निजी वाहन पर इलाके में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान फर्नीचर मार्केट, बलटाना में मौजूद रहने पर एक खास मुखबिर ने गोपनीय सूचना दी कि मंगत राम नशा करने का आदी है और दूसरों को भी नशा करवाता है। मुखबिर ने बताया कि आरोपी उस समय पीर बाबा रोड पर ह्यखुशबू ब्यूटी पार्लरह्ल के सामने खड़ा है और उसके कपड़ों का हुलिया भी बताया। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंची, जहां मुखबिर के बताए हुलिए से मेल खाता एक युवक खड़ा मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मंगत राम बताया। इसके बाद एसआई गुरप्रीत सिंह ने उसे अपनी पहचान, पद और तैनाती के बारे में बताया और एनडीपीएस एक्ट के तहत उसके कानूनी अधिकारों से अवगत करवाया।

Uturn Time 07 Jan 2026_Page 1-4.qxd 06-01-2026 22:27 Page 5



यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 ट्रंप का नाटक: बिना किसी सबूत के मादुरो को...

# पंजाब पुलिस ने पाक को सुरक्षा जानकारी देने पर 15 साल के लड़के को गिरफ्तार किया

चंडीगढ़/यूटर्न/6 जनवरी। पंजाब पुलिस ने सोमवार को एक 15 साल के लड़के को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी आतंकी एजेंसियों, जिसमें आईएसआई और पाकिस्तानी सेना के अधिकारी शामिल हैं, के साथ शेयर करने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह जानकारी सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने दी। एसएसपी ढिल्लों ने बताया कि नाबालिग करीब एक साल से पाकिस्तानी एजेंसियों के संपर्क में था। पुलिस ने 15 साल के संजीव कुमार को इस जानकारी के बाद गिरफ्तार किया कि वह हमारे देश की सुरक्षा से जुड़ी जानकारी आतंकी एजेंसियों, ISI और पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों के फ्रंटल संगठनों को दे रहा था।




## सोशल मीडिया के जरिए फंसाया आरोपी

ढिल्लों ने आगे बताया कि आरोपी को सोशल मीडिया के जरिए फंसाया गया था और वह भावनात्मक रूप से कमजोर था क्योंकि उसे लगता था कि उसके पिता की हत्या कर दी गई है, हालांकि जांच में इस दावे का कोई सबूत नहीं मिला।

## वीडियो किए थे शेयर

पुलिस के मुताबिक, किशोर ने कथित तौर पर संवेदनशील जगहों के वीडियो शेयर किए थे और वह पाकिस्तान में गैंगस्टरों के संपर्क में था जो एक आतंकी मॉड्यूल चला रहे थे। एसएसपी ढिल्लों अनुसार युवक सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी एजेंसियों के जाल में फंस गया, क्योंकि उसे शक था कि उसके पिता की हत्या कर दी गई है, जिसका उस पर मानसिक असर पड़ा था। हालांकि, जांच में ऐसा कोई सबूत नहीं मिला। उसने उन्हें कई जगहों के वीडियो भेजे थे और वह पाकिस्तान के कई गैंगस्टरों के संपर्क में था जो एक आतंकी मॉड्यूल चलाते हैं। वह लगभग एक साल से पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के संपर्क में था।

## पहले एक मॉड्यूल को पकड़ चुकी पुलिस

इससे पहले 2 दिसंबर को, पंजाब पुलिस ने केंद्रीय और राज्य एजेंसियों की मदद से, गुरदासपुर में ग्रेनेड हमले से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय ISI समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। DIG बॉर्डर रेंज संदीप गोयल ने बताया कि यह मॉड्यूल सांप्रदायिक तनाव भड़काने के मकसद से कई हमलों की योजना बना रहा था। DIG ने बताया कि इस नेटवर्क का नेतृत्व आतंकवादी शहजाद भट्टी, जीशान अख्तर और अमनदीप सिंह उर्फ अमन पन्नू कर रहे थे। इस ग्रुप ने पहले ही गुरदासपुर के एक पुलिस स्टेशन पर हैंड ग्रेनेड से हमला किया था और एक और हमले की योजना बना रहा था, जिसे दो ऑपरेटिव की गिरफ्तारी और हथियारों की बरामदगी के साथ नाकाम कर दिया गया।

# चंडीगढ़ कोर्ट का अहम फैसला सिर्फ शक के आधार पर सजा नहीं;स्नेचिंग केस में आरोपी बरी कोर्ट में गवाह अपने बयानों से मुकरे

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। चंडीगढ़ की सेशन कोर्ट ने सेक्टर-49 में दर्ज स्नेचिंग और मारपीट के एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी सागर को बरी कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि आपराधिक मामलों में केवल संदेह या संभावना के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को ठोस और विश्वसनीय सबूतों के साथ साबित करने में विफल रहा। कोर्ट के अनुसार, मामले में सबसे अहम गवाहों ने ट्रायल के दौरान आरोपी की पहचान करने से इनकार कर दिया, जिससे अभियोजन की पूरी कहानी कमजोर पड़ गई। शिकायतकर्ता मुकेश यादव ने कोर्ट में बयान देते हुए कहा कि वह आरोपी को नहीं




पहचानता और पुलिस द्वारा तैयार किए गए कई दस्तावेज उसके सामने नहीं बनाए गए थे। वहीं, घटना में घायल बताए गए उसके भाई मनोज ने भी अंधेरे का हवाला देते हुए हमलावरों की पहचान से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने बरामद किए गए चाकू को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। फैसले में कहा गया कि जिस चाकू की बरामदगी दिखाई गई, उसके अपराध में इस्तेमाल होने का कोई ठोस सबूत नहीं है। चाकू पर खून के निशान नहीं मिले और न ही यह साबित हो सका कि उसी हथियार से वारदात को अंजाम दिया गया था। इसके अलावा आरोपी के खुलासा बयान और बरामदगी के समय किसी स्वतंत्र गवाह को शामिल नहीं किया गया, जिससे पुलिस जांच की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हुए।

यह मामला थाना सेक्टर-49, चंडीगढ़ में 8 मई 2025 को दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 309(6), 126(2) और 311 के तहत केस दर्ज किया था।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि आपराधिक कानून का सिद्धांत है कि आरोप संदेह से परे साबित होना चाहिए। चूंकि इस मामले में सबूतों की कड़ी अधूरी रही और कई अहम कड़ियां गायब थीं, इसलिए आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया जाता है।

# सेक्टर 43 बस स्टैंड में बम की सूचना से मचा हड़कंप, बाद में मॉक ड्रिल निकली







अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। चंडीगढ़ के सेक्टर-43 बस स्टैंड पर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सीटीयू बस में बम होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरे बस स्टैंड को सील कर दिया और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। हालांकि बाद में स्पष्ट हुआ कि यह सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए करवाई गई मॉक ड्रिल थी। पुलिस के अनुसार, सेक्टर-43 बस स्टैंड परिसर स्थित डिपो नंबर-4 में सुरक्षा तैयारियों को परखने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। इस दौरान पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि सीटीयू की एक बस के अंदर बम रखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस, बम स्क्वायड, फोरेंसिक टीम और ऑपरेशन सेल के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। ऑपरेशन के दौरान बस स्टैंड परिसर और आसपास के इलाके में किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। बम स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने पूरे परिसर की गहन जांच की। काफी देर तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद सीटीयू बस के अंदर से एक मॉक बम बरामद किया गया। बम स्क्वायड ने तय प्रक्रिया के तहत मॉक बम को सुरक्षित तरीके से कब्जे में लेकर डिस्पोजल के लिए भेज दिया। पूरे ऑपरेशन की निगरानी ऑपरेशन सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर जसपाल सिंह कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिक्रिया, आपसी तालमेल और तैयारियों का आकलन करना था, ताकि वास्तविक खतरे की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# लंबी गांव में पढ़ाई जारी रखने पर पिता ने किशोर बेटी की हत्या की



चंडीगढ़/यूटर्न/6 जनवरी। एक आदमी जो नहीं चाहता था कि उसकी 18 साल की बेटी पढ़ाई जारी रखे, उसने कथित तौर पर रविवार को लंबी विधानसभा क्षेत्र के मिड्डा गांव में अपने घर पर उसकी हत्या कर दी। पीड़िता सर्दियों की छुट्टियों में मोहाली से घर आई थी। कथित तौर पर अपराध करने के बाद, आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहा। जानकारी के अनुसार, चमनदीप कौर एक कमरे में सो रही थी, तभी उसके पिता हरपाल सिंह, उर्फ पाला ने कथित तौर पर उस पर फावड़े से चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हरपाल पर इठर की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिवार में आरोपी उसकी पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है। बताया जाता है कि परिवार के पास करीब 30 एकड़ खेती की जमीन है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि चमनदीप पढ़ाई और खेल दोनों में अच्छी थी, और उसने बठिंडा में हुए पंजाब स्टेट इंटर-डिस्ट्रिक्ट स्कूल गेम्स 2024-25 में पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल भी जीता था।

## मोहाली में बीकॉम कोर्स कर रही थी लड़की

मृतक की मां जसविंदर कौर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी मोहाली में बीकॉम कोर्स कर रही थी और वहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रही थी। कबरवाला पुलिस स्टेशन की एसएचो सब-इंस्पेक्टर हरप्रीत कौर ने कहा, शिकायत के अनुसार, मृतक के पिता उसकी पढ़ाई जारी रखने का विरोध कर रहे थे और उन्होंने उसकी हत्या कर दी। हत्या आज सुबह करीब 7 बजे हुई। हमने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामला दर्ज किया जा रहा है। कुछ निवासियों ने बताया कि आरोपी डिप्रेशन का इलाज करवा रहा था।

# घनौर बस स्टैंड पर सीटू की रैली, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला फूंका



भाग सिंह अंटाल/अभिषेक सूद

घनौर/यूटर्न/6 जनवरी। आज घनौर बस स्टैंड पर सीटू की ओर से जोरदार रैली आयोजित कर युद्धोन्मादी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका गया। रैली के दौरान मजदूरों को संबोधित करते हुए सीटू जिला पटियाला के महासचिव कामरेड गुरनाम सिंह घनौर ने कहा कि अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर हमला कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करना अत्यंत निंदनीय है और यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि सीटू इस कृत्य की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि अमेरिका तुरंत वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को रिहा करे, ताकि दुनिया भर में फैल रहे आक्रोश को शांत किया जा सके। कामरेड गुरनाम सिंह ने यह भी कहा कि जब पूरा विश्व ट्रंप की नीतियों की निंदा कर रहा है, तब केंद्र की मोदी सरकार की चुप्पी भी निंदनीय है। रैली में वक्ताओं ने मनरेगा कानून को बहाल करने, जी. राम जी योजना को रद्द करने, मनरेगा मजदूरों को पूरा काम उपलब्ध कराने, मनरेगा का पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन करने, मजदूरों की दिहाड़ी 700 रुपये करने तथा मनरेगा कानून को शहरों में भी लागू करने की मांग की। इस अवसर पर किरपाल सिंह (पूर्व सरपंच), देव सिंह (फौजी), कामी खुर्द, जरनैल सिंह घनौर, सेशन सिंह, हरमेश कौर, परमजीत सिंह फरीदपुर जट्टां, दलीप सिंह ननहेड़ी और मेवा सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

Uturn Time 07 Jan 2026_Page 1-4.qxd 06-01-2026 22:27 Page 6



## Happy Birthday



Jerika Ghand

## Happy Birthday



Anshmeet Singh

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# आओ अध्ययन करना सीखें।

श्रीकृष्ण ने गीता जी में कहा है कि हम सभी आत्माएँ अलग अलग शरीरों को धारण करके अपने कर्मों के अनुसार सुख और दुख को सहती हैं। हमारे पिछले कर्मों के अनुसार हमें शरीर प्राप्त होता है पर शरीरधारी अपने नए कर्मों को भी अपने जीवन के दुख सुख का कारण बना लेता है। श्री मद्भगवतगीता जी की यह बात इतनी तर्कसंगत है कि हर किसी को यह समझाने के काफी है कि हमें बुरे कर्मों सेबचना होगा। पूरी दुनिया में शायद ही ऐसा कोई देश और धर्म होगा जो हमारे देश के धर्म और ग्रन्थों की तरह इस तरह जीवन और मृत्यु का कारण और जीवन अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए कैसे यापन करना है के बारे में ज्ञान देता हो। पर हम में से कितने लोग ऐसे हैं जो अपनी अपनी मान्यता के अनुसार जिस भी धर्म या जाति से जुड़े हैं उससे संबंधित ग्रन्थों को अध्ययन करते होंगे। आज के युग में तो बहुत ही कम लोग बचे हैं जो धार्मिक किताबें पढ़ना पसंद करते हैं। धार्मिक किताबें तो छोड़िए लोग तो अब किताबें पढ़ने से ही गुरेज करने लगे हैं। बस यही एक कारण है कि हम सभी अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। जब तक हम अपनी संस्कृति की धरोहर अपने ग्रन्थों का अध्ययन नहीं करेंगे तब तक

हम अपने संस्कारों को समझ नहीं पाएँगे और इसी तरह जीवन की मुश्किलों की लहरों के थपेड़े खाते रहेंगे। तो भाव यह है कि जीवन के दुख सुख तो हमारे कर्मों के अनुसार हमें भोगने ही पड़ेंगे पर अगर हम अपने पवित्र ग्रन्थों और किताबों का अध्ययन करते रहेंगे तो जीवन की यात्रा के कष्ट सहने की हिम्मत आ जाएगी।

# शीतला माता मंदिर समारोह में शामिल हुए विधायक रंधावा

## बोले, भगवंत मान सरकार की सर्वधर्म समभाव की नीति को मिली मजबूती



जीरकपुर, यूटर्न, 06 जनवरी। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर के बलटाना क्षेत्र में नव-निर्मित प्राचीन शीतला माता मंदिर में आयोजित मूर्ति स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर विधायक रंधावा ने माता रानी के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि व विकास की कामना की।

समारोह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक विधियों, हवन-यज्ञ और मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। स्थानीय लोगों ने विधायक रंधावा का गर्मजोशी से स्वागत किया और मंदिर निर्माण में सहयोग देने वालों का आभार जताया।

विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार सर्वधर्म समभाव की नीति पर पूरी मजबूती से काम कर रही है। सरकार सभी धर्मों, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक विरासत का समान रूप से सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारों, मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों के विकास के लिए सरकार द्वारा एक समान नीतियां अपनाई गई हैं, जिससे पंजाब की गंगा-जमनी तहजीब और भी सशक्त हो रही है। विधायक रंधावा ने आगे कहा कि मान सरकार ने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़कों और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मोहल्ला क्लीनिकों की शुरूआत से आम लोगों को घर के पास बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं, वहीं सरकारी स्कूलों के अपग्रेडेशन से शिक्षा का स्तर भी बेहतर हुआ है। इसके साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब की साझा संस्कृति, भाईचारा और आपसी सौहार्द को बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और आपसी प्रेम व सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। समारोह के अंत में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पंजाब की एकता और अखंडता में सहयोगी है अखंड महायज्ञ : मनीष ससोदिया



लुधियाना, यूटर्न, 06 जनवरी। पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का आयोजन 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक महंत प्रवीण जी के सानिध्य में आयोजित होगा। अखंड महायज्ञ को लेकर देश भर के राजनितिक,सामाजिक व धार्मिक प्रतिनिधियों को धाम के सेवकों की तरफ से निमंत्रण भेंट किए जा रहे है इसी कड़ी के तहत धाम की सेवक व लुधियाना मेयर इन्द्रजीत कौर व रवि आनन्द ने आम आदमी पार्टी के पंजाब इंचार्ज व दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष ससोदिया,पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा व आप नेता अदिल अहमद खान को अखंड महायज्ञ का निमंत्रण दिया । मनीष ससोदिया ने अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि अखंड महायज्ञ पंजाब की एकता और अखंडता को बरकरार रखने में सहायक सिद्ध होगा । उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ जोडन्ना है, हमें मिलकर देश,पंजाब की एकता और अखंडता को बरकरार रखना है। बुरी शक्तियों को आगे बढन्ने से रोकना होगा। नशे जैसी बुराई को भी दूर करना होगा। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि मां बगलामुखी धाम के सेवक महंत प्रवीण चौधरी जी के सानिध्य में धर्म के प्रचार प्रसार के साथ साथ आपसी प्रेम व सदभाव के लिए सभी धर्मो को एक माला में परोकर जो कार्य कर रहे है वह प्रंशसनीय है । महंत प्रवीण चौधरी जी ने कहा कि अखंड महायज्ञ से नई उर्जा का संचार होगा और सबके लिए तरक्की और खुशहाली का मार्ग प्रशास्त होगा। मेयर इन्द्रजीत कौर ने कहा कि महानर वासियो को खुला निमंत्रण देते हुए कहा कि मां बगलामुखी ने भक्तों को खुला निमंत्रण देकर यज्ञ में शामिल होने को बुलाया है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

गुस्सा कब अपराध बन जाता है?

सड़क पर गुस्सा आना असामान्य नहीं है। ट्रैफि क जाम, देर होना, अचानक कट मारना या छोटी-सी टक्कर— ऐसी परिस्थितियाँ अक्सर चिड़चिड़ाहट पैदा कर देती हैं। लेकिन जब यही गुस्सा नियंत्रण से बाहर निकल जाए और व्यवहार आक्रामक हो जाए, तो यह केवल व्यक्तिगत प्रतिक्रिया नहीं रह जाता, बल्कि Road Rage का रूप ले लेता है।

Road Rageआमतौर पर तेज आवाज में बहस, गाली-गलौज, जानबूझकर रास्ता रोकना, वाहन से उतरकर धमकाना या मारपीट तक पहुँच सकता है। कई लोग यह सोच लेते हैं कि सड़क पर हुआ झगड़ा 'क्षणिक गुस्सा' है और थोड़ी देर में मामला खत्म हो जाएगा। कानून इस सोच से सहमत नहीं होता। सार्वजनिक स्थान पर ऐसा व्यवहार शांति भंग करने और दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाला माना जाता है।

कानून की नजर में सड़क कोई निजी जगह नहीं है। वहाँ हर व्यक्ति की सुरक्षा और सुविधा जुड़ी होती है। इसलिए गुस्से में लिया गया कोई भी कदम—चाहे वह शब्दों में हो या हरकत में—कानूनी कार्रवाई का आधार बन सकता है। कई बार छोटी बहस भी गंभीर आरोपों और लंबे कानूनी झंझट में बदल जाती है, जिसका असर दोनों पक्षों पर पड़ता है।

ऐसे मामलों में सबसे बड़ी गलती होती है खुद को सही साबित करने की ज़िद। सड़क पर बहस जीतना कोई उपलब्धि नहीं है। संयम, दूरी बनाए रखना और स्थिति से निकल जाना अक्सर सबसे समझदारी भरा कदम होता है। यदि किसी को जान-माल का खतरा महसूस हो, तो पुलिस या संबंधित अधिकारियों को सूचना देना ही सही रास्ता है।

निष्कर्ष : Road Rageगुस्से की नहीं, नियंत्रण की परीक्षा है। सड़क पर संयम खोते ही मामला अपराध की सीमा में प्रवेश कर सकता है। नियमों का पालन, शांत व्यवहार और दूसरों की सुरक्षा का सम्मान—यही सड़क पर सबसे बड़ी समझदारी है। कई बार एक पल का धैर्य, महीनों की कानूनी परेशानी से बचा लेता है।

# खाटू आले बाबा मुझे तेरा सहारा भजनों की मस्ती में झूमे भक्तजन

## खाटू श्याम बाबा भगवान श्री कृष्ण के कलयुगी अवतार-अंकुश खोसला



चंडीगढ़, यूटर्न, 06 जनवरी। कोहाडा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम सालासर मंदिर में साप्ताहिक श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन अंकुश खोसला परिवार जालंधर वालो की ओर से ट्रस्टी प्रदीप मित्तल,संदीप अग्रवाल, एल.आर.मित्तल, व अनिल मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। संकीर्तन में श्याम बाबा का गुणगान प्रियंका श्याम दीवानी खाटू वालों द्वारा किया गया ।सर्वप्रथम आचार्य दीपक पाण्डेय, पंडित संदीप कुमार मिश्रा ,पंडित राज तिवारी एवं पंडित केशव उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्याम बाबा को पुष्पमालाएं अर्पित की गई। ट्रस्ट सदस्यों द्वारा ज्योति प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया गया ।संकीर्तन में बाबा का अलौकिक श्रृंगार खोसला परिवार द्वारा किया गया ।जो कि देखने योग्य था। संकीर्तन से पूर्व एच.एन.सिंघल परिवार द्वारा हवन यज्ञ किया गया ।प्रियंका श्याम दीवानी ने खाटू श्याम के कई भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को भक्तिरस में डूबो दिया और पूरा माहौल खाटूमय प्रतीत होने लगा ।खाटू आले बाबा मुझे तेरा सहारा है आदि भजनों की मस्ती में भक्तजन झूम उठे ।संकीर्तन में बाबा श्याम की आरती उपरांत द्वारा प्रशाद वितरित किया गया ।अंकुश खोसला ने कहा कि खाटू श्याम बाबा को भगवान श्री कृष्ण के कलयुगी अवतार के रूप में जाना जाता है। इस मौके पर विजय गोयल, अभिषेक गुप्ता,संजय अग्रवाल, हरीश गर्ग, संदीप गोयल, अतुल वालिया,मनीष बाजारी ,नरेश अग्रवाल,जतिंदर बसोत्रा,परमानंद अग्रवाल,एच एन सिंघल,अशोक गुप्ता,दीपक मित्तल,सुनील गोयल,चंद्रेश भारद्वाज,राज गुप्ता,सुशील अग्रवाल,बलराज शर्मा,जसविंदर तग्गड, आदि उपस्थित रहे।

Uturn Time 07 Jan 2026_Page 1-4.qxd 06-01-2026 22:27 Page 7



# 19 किलो से अधिक हेरोइन पकड़ी, एएनटीएफ-बीएसएफ ने 4 आरोपी किए गिरफ्तार, पाक हेंडलरों से संबंधों का खुलासा

अमृतसर/यूटर्न/6 जनवरी। अमृतसर में एएनटीएफ और बीएसएफ ने अजनाला क्षेत्र के भिंडी औलख से बड़ी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ), बॉर्डर रेंज ने सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से एक सुनियोजित अभियान चलाया, जिसमें कुल 19.980 किलो हेरोइन को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में चार आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनमें मुख्य आपरेटर शामिल है, जो हेरोइन आपूर्ति श्रृंखला का संचालन कर रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलरों से जुड़े हुए हैं और सीमा पार से हेरोइन की डिलीवरी और वितरण का संचालन कर रहे थे। जांच अधिकारियों ने बताया कि आरोपी क्षेत्रीय डीलरों और स्थानीय नेटवर्क के साथ मिलकर नशीले पदार्थों की तस्करी को अंजाम दे रहा था।



## नशे के विरुद्ध कार्रवाई अब और भी सख्त होगी

पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। इस अभियान को राज्य और केंद्र सरकार की साझा सुरक्षा रणनीति के तहत अंजाम दिया गया, जिससे यह संदेश जाता है कि पंजाब में नशे के विरुद्ध कार्रवाई अब और भी सख्त हो गई है।

## सीमा पार के हेंडलरों की पहचान में जुटी पुलिस

डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी ने हेरोइन की आपूर्ति और वितरण की पूरी व्यवस्था संभाली हुई थी। इसके अलावा, अन्य गिरफ्तार आरोपियों ने स्थानीय स्तर पर हेरोइन की तस्करी में मदद की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत एफआईआर दर्ज की है। जांच में मुख्य रूप से सीमा पार के हेंडलरों की पहचान, आपूर्ति मार्गों का पता लगाना और संपूर्ण तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करना प्राथमिक उद्देश्य है। पंजाब पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वह राज्य में नशे की समस्या को जड़ से समाप्त करने और सीमा पार से संचालित नशीले पदार्थों की तस्करी नेटवर्क को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आईपीएस राकेश अग्रवाल को मिला एनआईए चीफ का एडिशनल चार्ज

पंजाब/यूटर्न/6 जनवरी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीनियर आईपीएस अफसर राकेश अग्रवाल को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के चीफ का एडिशनल चार्ज सौंपा है। मंत्रालय ने



मौजूदा डीजी सदानंद वसंत डेट को उनके मूल कैडर में समय से पहले वापस भेजे जाने के बाद यह फैसला लिया है। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1994 बैच के इंडियन पुलिस सर्विस (IPS) अधिकारी अग्रवाल अभी एनआईए में विशेष महानिदेशक के पद पर तैनात हैं। उन्हें 29 सितंबर, 2025 को एनआईए के विशेष महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। गृह मंत्रालय की ओर जारी आदेश के मुताबिक अग्रवाल अब अगले आदेश तक एनआईए चीफ की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। गृह मंत्रालय का यह फैसला कैबिनेट की अपॉइंटमेंट्स कमेटी (एसीसी) द्वारा 1990 बैच के महाराष्ट्र कैडर के क्ढर अधिकारी सदानंद वसंत डेट को तुरंत प्रभाव से उनके मूल कैडर में समय से पहले वापस भेजने की मंजूरी के बाद आया है। बता दें कि आईपीएस राकेश अग्रवाल लुधियाना में भी बतौर पुलिस कमिश्नर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी तरफ से कोरोना काल के दौरान काफी प्रयास किए थे। हालांकि उनकी छवि एक ईमानदार और मेहनती अफसर के तौर पर पहचानी जाती है।

# ढकोली के वसंत विहार में कूड़ा न उठने और मनमानी वसूली के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

जीरकपुर, यूटर्न, 06 जनवरी। ढकोली क्षेत्र के वसंत विहार स्थित वार्ड नंबर 13 में कूड़ा उठाने की बदहाल व्यवस्था और कूड़ा उठाने वाले की मनमानी वसूली के खिलाफ स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर नगर परिषद और संबंधित ठेकेदार कंपनी के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि कूड़ा उठाने की समस्या पिछले कई वर्षो से लगातार गंभीर होती जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि वर्ष 2003 में जब इलाके में कूड़ा उठाने की व्यवस्था शुरू हुई थी, तब प्रति घर कूड़ा उठाने का शुल्क मात्र 10 रुपये था। इसके बाद कूड़ा उठाने वाला हर साल बिना किसी नियम या नगर परिषद की मंजूरी के मनमर्जी से शुल्क बढ़ाता चला गया। आज स्थिति यह है कि शुल्क बढ़कर 300 रुपये प्रति माह तक पहुंच चुका है, जबकि सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं दिया जा रहा। लोगों के अनुसार पिछले साल तक ग्राउंड फ्लोर के घरों से 150 रुपये, फर्स्ट फ्लोर से 200 रुपये, सेकंड फ्लोर से 250 रुपये और थर्ड फ्लोर से 300 रुपये वसूले जा रहे थे। इसके बावजूद कूड़ा उठाने वाला कई-कई दिनों तक इलाके में नहीं आता। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कूड़ा उठाने वाला महीने की 1 से 10 तारीख के बीच तो नियमित रूप से आता है, लेकिन जैसे ही सभी घरों से पैसे वसूल लेता है, उसके बाद अचानक गायब हो जाता है। इस लापरवाही के चलते कई बार घरों में कूड़ा कई दिनों तक जमा रहता है। इससे एक ओर जहां पूरे इलाके में बदबू फैल जाती है, वहीं दूसरी ओर मच्छर, मक्खियां और आवारा जानवरों की समस्या भी बढ़ जाती है। लोगों ने बताया कि कई बार बच्चों और बुजुर्गो को संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

# बठिंडा में टारगेट किलिंग की वारदात टली, अर्श डल्ला गैंग के तीन गुर्गे 4 पिस्तौलों समेत गिरफ्तार

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/6 जनवरी। काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) बठिंडा ने बठिंडा पुलिस के साथ तालमेल करके अरश डल्ला गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को चार गैर-कानूनी पिस्तौलों समेत चार मैगजीन और 26 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार करके समय पर कत्ल करने की एक वारदात को टाल दिया है। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए व्यक्तियों की पहचान बठिंडा के गिल पट्टी के निवासी कुलदीप सिंह, जो इस समय कनाडा में रह रहा है, बठिंडा के कोटशमीर का निवासी गुरविंदर सिंह और बठिंडा के गांव भोखरा के निवासी गगनदीप सिंह के रूप में हुई है। बरामद किए गए पिस्तौलों में एक ग्लॉक, एक जिगाना, एक .30 बोर का पिस्तौल और एक .32 बोर का पिस्तौल शामिल हैं। चार पिस्तौलों की बरामदगी के अलावा, पुलिस टीमों ने बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक हुंडई वरना कार भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल वे अपराधिक गतिविधियों में कर रहे थे। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी टारगेट किलिंग को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक कुलदीप सिंह हाल ही में योजनाबद्ध गोलीबारी को अंजाम देने के लिए विशेष तौर पर कनाडा से बठिंडा आया था।



**अंतर गैंग दुश्मनी का खुलासा...**एसएसपी बठिंडा अमनीत कोंडल ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चल रही अंतर-गैंग दुश्मनी में अपनी संलिप्तता के बारे में भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि बठिंडा के पुलिस स्टेशन थर्मल में एफआईआर दर्ज की गई है, जबकि अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

# युवा नशे से दूर रहें और खेल और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं - सेशन जज




सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/6 जनवरी। पंजाब लीगल सर्विसेज अथॉरिटी बठिंडा की तरफ से 6 दिसंबर, 2025 से 6 जनवरी 2026 तक एक महीने के लिए शुरू किए यूथ अगेंस्ट ड्रगर्स कैंपेन के आखिरी दिन लोकल कोर्ट कॉम्प्लेक्स में समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज-कम-चेयरमैन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी करुणेश कुमार चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)-कम-सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी बलजिंदर कौर उनके साथ खास तौर पर मौजूद थीं। डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज-कम-चेयरमैन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, करुणेश कुमार ने नशे के बुरे असर के बारे में कहा कि नशा युवाओं का भविष्य बर्बाद करने के साथ-साथ परिवार और सामाजिक ढांचे को भी कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स सिर्फ.एक इंसान की प्रॉब्लम नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए एक सीरियस चैलेंज है, जिसका मुकाबला मिलकर ही किया जा सकता है। इस मौके पर बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट गुरविंदर मान, पैरालीगल वॉलंटियर के प्रतिनिधि, वकील वगैरह मौजूद थे।



Uturn Time 07 Jan 2026_Page 1-4.qxd 06-01-2026 22:27 Page 8



# ट्रंप का नाटक: बिना किसी सबूत के मादुरो को कार्टेल लीडर बताकर उन्हें हटाने को गलत तरीके से सही ठहराया

चंडीगढ़/यूटर्न/6 जनवरी। अमेरिका के साम्राज्यवाद के हर काम के बाद त्रासदी हुई है, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तहत, इसके नतीजे भी एक नाटक जैसे हो गए हैं, जो नासमझी से दिखाई गई बेवकूफी की खासियत है। 2003 में, एक तानाशाह को हटाने और लोकतंत्र को एक्सपोर्ट करने के झूठे दावों पर इराक पर हमला किया गया, लेकिन इसके बजाय देश को बर्बाद कर दिया, आईएसआई जैसे संगठन पैदा हुए, और पश्चिम एशिया को अस्थिर कर दिया। यही तरीका बाद में उत्तरी अफ्रीका में भी इस्तेमाल किया गया।



## बादशाहत फिर से स्थापित करने की कोशिश

यह हस्तक्षेप एक जानी-पहचानी सोच से प्रेरित है। पहला है अमेरिका में अपनी बादशाहत फिर से स्थापित करने के लिए मोनरो सिद्धांत को फिर से जिंदा करना, एक ऐसा आदेश जिसे वेनेजुएला जैसी सरकारों ने क्यूबा के साथ वैकल्पिक गठबंधनों के माध्यम से खत्म करने की कोशिश की थी। दूसरा है लैटिन अमेरिका के चीन के साथ संबंधों को खत्म करने की इच्छा, क्योंकि मादुरो सरकार निवेश और तेल व्यापार के लिए पूरब की ओर देख रही थी। तीसरा है वेनेजुएला के बहुत बड़े कच्चे तेल भंडार को नियंत्रित करने की धूर्त कोशिश। ये संसाधन अमेरिकी व्यवसायों के लिए एक इनाम हैं।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दरकिनार कर रहा अमेरिका

2026 में, दुनिया एक और त्रासदी की गवाह है जो एक नाटक भी है। वेनेजुएला में शाही स्क्रिप्ट का दोहराव, जिसे ट्रंप प्रशासन ने अंजाम दिया है, जिसने जबरदस्ती की कूटनीति को बमबारी अभियानों और नौसैनिक नाकाबंदी से बदल दिया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी और जबरन निर्वासन अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2 का भी उल्लंघन करता है। एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशन के बिना साबित हुए बहाने के तहत कैरेबियन सागर में तेल टैंकरों को रोककर और नावों पर नागरिकों को अवैध रूप से मारकर, अमेरिका ने खुद को जज और जल्लाद के रूप में स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दरकिनार कर दिया है।

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय चुप रहना बना सवाल

यह उम्मीद कि शीत युद्ध के बाद एक वैश्वीकृत, एक-दूसरे पर निर्भर दुनिया में एक स्थिर उदार व्यवस्था बनेगी, अमेरिका और रूस की हरकतों से बार-बार झूठी साबित हुई है। फिर भी, जलवायु समझौतों से पीछे हटकर और टैरिफ युद्धों को बढ़ाकर, अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के प्रति ऐसी अवहेलना दिखाई है जो दूसरे गंभीर कामों से भी बढ़कर है। वेनेजुएला पर हमला ट्रंपवाद के इस अलगाववादी-साम्राज्यवादी मिश्रण का स्वाभाविक, हिंसक नतीजा है। अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय चुप रहता है, तो वह एक ऐसी विश्व व्यवस्था को मंजूरी देता है जहाँ संप्रभुता वॉशिंगटन की मजी पर निर्भर करती है।

# व्यस्त समय में सड़क खुदाई से जीरकपुर जाम, नगर परिषद की लापरवाही से लोग हलकान

मेजर अली

जीरकपुर, यूटर्न, 06 जनवरी। नगर परिषद जीरकपुर की घोर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। मंगलवार देर शाम करीब 6 बजे नगर परिषद के कर्मचारियों ने कोहिनूर ढाबे के सामने नगर परिषद की सड़क के किनारे खड्डे भरने का कार्य शुरू कर दिया। यह समय शहर का सबसे व्यस्त समय माना जाता है, जब दफ्तरों की छुट्टी के बाद लोगों का आवागमन चरम पर होता है। बिना किसी पूर्व ट्रैफिक प्लानिंग और सुरक्षा इंतजामों के शुरू किए गए इस कार्य ने पटियाला लाइट प्वाइंट से लेकर कोहिनूर ढाबे तक लंबा जाम लगा दिया।

शाम के व्यस्त समय में अचानक सड़क किनारे काम शुरू होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि कई एंबुलेंस और स्कूली वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस की गैरमौजूदगी में राहगीरों को खुद ही सड़क पर उतरकर यातायात नियंत्रित करना पड़ा।





## प्लंबर से लिया जा रहा राजमिस्त्री का काम

इतना ही नहीं, स्थानीय लोगों ने नगर परिषद जीरकपुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि यहां प्लंबर से राजमिस्त्री का काम करवाया जा रहा है। इससे न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं, बल्कि सुरक्षा को लेकर भी गंभीर खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि बिना तकनीकी विशेषज्ञों और प्रशिक्षित कर्मचारियों के इस तरह का काम भविष्य में बड़े हादसों को न्योता दे सकता है।

## राहगीरों के सवाल– क्या यही सही समय था ?

राहगीरों ने नगर परिषद से सवाल किया कि क्या खड्डे भरने के लिए यही समय चुना गया था? यदि काम जरूरी था, तो रात के समय या ट्रैफिक कम होने पर क्यों नहीं किया गया। लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद को कार्य शुरू करने से पहले ट्रैफिक पुलिस और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मामले में नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए खबर लिखे जाने तक शाम 7 :36 बजे कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह भट्टी को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में जनता को ऐसी परेशानी न झेलनी पड़े।

स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि नगर परिषद की यह लापरवाही रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। लोगों का आरोप है कि बिना सूचना बोर्ड, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन के इस तरह का काम सीधे तौर पर जनता की परेशानी बढ़ाता है। एक राहगीर ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, 'हम रोज काम से लौटते हैं, लेकिन नगर परिषद को जनता की सुविधा की कोई चिंता नहीं। शाम के समय सड़क खोदना मतलब जानबूझकर जाम लगवाना। वहीं रोहित दुकानदार ने कहा, 'जाम की वजह से ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाए। पूरा बाजार ठप हो गया, नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा?' लोगों का कहना है कि यदि नगर परिषद को सड़क मरम्मत या खड्डे भरने का कार्य करना ही था, तो यह काम रात के समय या ट्रैफिक कम होने के दौरान किया जाना चाहिए था।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी के तीन वाहन बरामद

डेराबस्सी, यूटर्न, 06 जनवरी। पुलिस थाना डेराबस्सी में दर्ज एफआईआर नंबर 3 दिनांक 04 जनवरी 2026 के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के तीन दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। यह मामला धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में नामजद आरोपी लव बख्शी पुत्र अशोक बख्शी, निवासी गांव टापरिया, तहसील रायपुर रानी, जिला पंचकूला (हरियाणा) से पूछताछ के दौरान अहम सुराग मिले। इसके आधार पर पुलिस ने 04 जनवरी 2026 को आरोपी की निशानदेही पर बिना नंबर की हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। इसके बाद 05 जनवरी 2026 को पुलिस ने एक और कार्रवाई करते हुए टीवीएस एक्टिवा स्कूटी नंबर ऌफ71 ख 3359 को बरामद किया। वहीं, 06 जनवरी 2026 को पुलिस को एक और सफलता मिली, जब हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नंबर ऌफ99 श (ळ) 3778 को भी अपने कब्जे में लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए सभी वाहन चोरी के मामलों से संबंधित बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा वाहनों के मालिकों की पहचान की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है।



# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना 15 जनवरी से शुरू - करम सिंह सरपंच



भाग सिंह अंटाल/अभिषेक सूद

घनौर/यूटर्न/6 जनवरी। आम आदमी पार्टी के जंडमंगोली गांव के सरपंच करम सिंह ने गांववासियों के साथ एक बैठक की। इस मौके पर गांव के निवासी, पार्टी के अन्य पदाधिकारी और क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान सरपंच करम सिंह ने गांव में चल रहे विकास कार्यो और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सरपंच करम सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा 15 जनवरी को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत की जा रही है, जिसके तहत पंजाब के हर परिवार को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस इलाज मिलेगा। इस योजना के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नहीं की गई है और राज्य के सरकारी कर्मचारियों को भी इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, हलका विधायक गुरलाल घनौर और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 15 जनवरी को इस योजना का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर सुखविंदर सिंह सुखी, धर्म सिंह, करनैल सिंह, गुरमुख सिंह, गुरपाल सिंह, कुलवंत सिंह, हरजीत सिंह तथा अन्य गांववासी उपस्थित थे।

# फ्लाईओवर के नीचे खड़ी बसें बनीं हादसों की वजह, सड़क पार करना हुआ मुश्किल




डेराबस्सी, यूटर्न, 06 जनवरी। डेराबस्सी बस स्टैंड के समीप फ्लाईओवर के नीचे रात के समय खड़ी की जा रही बसों के कारण लोगों को सड़क पार करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर रोष जताते हुए कहा कि फ्लाईओवर के नीचे बसें इस तरह खड़ी कर दी जाती हैं कि अंबाला की ओर से आने वाले वाहन डेराबस्सी की तरफ मुड़ते समय दिखाई नहीं देते। इससे राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क पार करने के लिए उन्हें फ्लाईओवर के पिलरों के काफी पास तक जाना पड़ता है और आगे बढ़कर वाहनों को देखना पड़ता है। इस दौरान किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। विशेषकर रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब दृश्यता कम होने के कारण वाहन अचानक सामने आ जाते हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि रात के समय फ्लाईओवर के नीचे बसें खड़ी करने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। लोगों का कहना है कि बसों के लिए वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके। इसी तरह बरवाला चौक के पास फ्लाईओवर के नीचे बने कट पर भी ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां लोग अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं, जिससे मोड़ पर मुड़ते समय वाहन चालकों को परेशानी होती है और अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार तो एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी निकलने में कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस समस्या की ओर प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस का ध्यान दिलाया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

> समय-समय पर फ्लाईओवर के नीचे और गलत जगह खड़े वाहनों के चालान किए जाते हैं। फ्लाईओवर के नीचे खड़ी बसों को भी जल्द हटवाया जाएगा और नियमों का सख्ती से पालन करवाया जाएगा।
>
> – सुरिंदर सिंह, ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज, डेराबस्सी

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372